नकली विदेशी शराब का भंडाफोड़, गम्हरिया में 10 लाख का माल जब्त, हिरासत में 4 तस्कर



**संवाद सहयोगी, गम्हरिया।** कांड्रा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बीते बुधवार की देर रात हैप्पी ढाबा के पीछे एक मकान में छापेमारी कर अवैध विदेशी नकली शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद करते हुए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

साथ ही, वहां से तीन लग्जरी वाहनों को भी जब्त किया गया है। पुलिस द्वारा यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। इस दौरान उक्त मकान से भारी मात्रा में अवैध विदेशी नकली शराब बरामद की गई है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/jamshedpur-fake-liquor-bust-10-lakh-seized-4-arrested-in-gamharia-40045392.html